Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to complete the construction of Vijaywada-Ranchi corridor.

श्री रमेश चन्द्र माझी (नबरंगपुर): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

महोदय, वर्ष 2009 में विजयवाड़ा-रांची कॉरिडोर शुरू हुआ था । यह आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा से शुरू होकर ओडिशा होते हुए झारखण्ड में रांची तक गया है । मेरे निर्वाचन क्षेत्र नबरंगपुर के मलकानगिरि जिले में एक ब्रिज कम्पलीट हो चुका है, लेकिन अभी तक तीन सौ मीटर का रास्ता नहीं खोल पा रहे हैं । इसको एक साल हो गया है । आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के लिए भी यह रोड खुलना चाहिए । वहां की पब्लिक की बार-बार डिमांड के बाद भी यह रोड कम्पलीट नहीं हो रहा है । मेरी सरकार से दरख्वास्त है कि इस रोड को जल्दी से जल्दी कम्पलीट किया जाए ताकि वहां की पब्लिक की डिमांड फुलफिल हो पाए ।